ont>

Title: Need to provide stoppage of Ahmedabad-Haura Express train at Nardana railway station in Dhule Parliamentary Constitutency, Maharashtra.

श्री रामदास रूपला गावीत (धुले) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के नरडाणा रेलवे स्टेशन सूरत-भुसावल वेस्टन (W.R.) लाइन पर स्थित है तथा इसी गांव से राट्रीय राजमाग नं0 3 (मुम्बई भाग्रा) भी गुजरता है। इसी गांव के पास भारत सरकार ने डी जौन और एम0आई0डी0सी0 (महाराट्र इंडस्ट्रीज डेवलमेंट कारपोरेशन) भी मंजूर की है। यह रेलवे स्टेशन प्रस्तावित मनमाड-धुले-इन्दौर रेलवे मार्ग का महत्वपूर्ण स्टेशन है। इस स्टेशन पर किसी भी सुपरफास्ट गाडी का स्टाप न होने से यहां के लोगों को काफी तकलीफ का सामना करना पड़ता है। गत आठ सालों से संर्घा समिति, नरडाना एवं नरडाणा वासियों की यह मांग है कि इस रेलवे स्टेशन पर अहमदाबाद-हौरा एक्सप्रेस 8034 अप/8033 डाउन को स्टाप मिले एवं आरक्षण सुविधा प्राप्त हो। इस विाय में इस क्षेत्र के निवासियों ने महाप्रबंधक, पश्चिम रेलवे, मुम्बई से अनेक बार पत्र व्यवहार किया तथा रेल रोको आंदोलन भी किया, लेकिन इस संबंध में अभी तक जनहित में कोई भी निर्णय नहीं लिया गया।

अतः मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से जनहित में अनुरोध करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र धुले के अन्तर्गत नरडाणा रेलवे स्टेशन पर 8034 अप/8033 डाउन अहमदाबाद-हौरा एक्सप्रेस का ठहराव करने तथा आरक्षण सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का कट करें।